E-Mail: coeoffice@csjmu.ac.in

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)

(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

**सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / COE / 14 / 2026** | **दिनांक: 05/01/2026**

सेवा में,

**प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

**विषय : छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में पंजीकृत समस्त विद्यार्थियों की ABC/APAAR ID (Academic Bank Credit/Automated Permanent Academic Account Registry) बनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या– 466 / सत्तर–3–2024 दिनांक 26.02.2024 के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा समस्त विद्यार्थियों की ABC/APAAR ID (Academic Bank Credit/Automated Permanent Academic Account Registry) बनाये जाने का निर्देश दिया गया था जिसके अन्तर्गत आगामी परीक्षाओं हेतु परीक्षा फॉर्म उपरोक्त ABC/APAAR ID के साथ ही पूरित किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के पत्र संख्या– सी0एस0जे0एम0वि0वि0 / सी0ओ0ई0 / 247 / 2024 दिनांक 10.04.2024 द्वारा उक्त महाविद्यालय की लॉग–इन पर उपलब्ध लिंक से ABC/APAAR ID न बन पाने तथा छात्र / छात्रा का नाम अथवा पिता का नाम Digilocker के डाटा के समान न होने के कारण अपडेट न हो पाने की स्थिति में छात्र / छात्रा का परीक्षा फॉर्म इस शर्त के साथ पूरित कराया गया था कि आगामी तीन माह में छात्र / छात्रा द्वारा आवश्यक संशोधन करा लिया जायेगा। निर्धारित अवधि में आवश्यक संशोधन न होने की स्थिति में छात्र / छात्रा का परीक्षा परिणाम रोक दिया जायेगा तथा छात्र / छात्रा को Digilocker की सेवायें उपलब्ध नहीं हो पायेगी।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कतिपय छात्र / छात्राओं द्वारा अद्यतन ABC/APAAR ID जेनरेट करते हुए लिंक नहीं की गयी है, जिससे सम्बन्धित छात्र / छात्राओं का परीक्षाफल घोषित किया जाना सम्भव नहीं हो पाया है। यह भी अवगत कराना है कि उक्त स्थिति में वर्तमान परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षाफल भी घोषित किया जाना सम्भव नहीं होगा।

अतः उक्त के दृष्टिगत आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि उक्त से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं को अवगत कराते हुए उनकी ABC/APAAR ID (Academic Bank Credit/Automated Permanent Academic Account Registry) जेनरेट कराना एवं दिनांक 12.01.2026 तक अनिवार्य रूप से लिंक कराया जाना सुनिश्चित करें, जिससे सम्बन्धित छात्र / छात्राओं का परीक्षाफल समर्थ पोर्टल के माध्यम से घोषित किया जा सके।

भवदीय

**(राकेश कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैय0 सहायक परीक्षा नियंत्रक / कुलसचिव / वित्त अधिकारी।
3. पी0एम0यू0 / कोडिंग।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

05/01/26

**(अंजलि मौर्या)**
उप–कुलसचिव (परीक्षा)

E-mail: coecsjmuniversity@gmail.com ☎: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/247/2024 दिनांकः 10/04/2024

सेवा मे,

**प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

**विषय : छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में पंजीकृत समस्त विद्यार्थियों की ABC/APAAR ID (Academic Bank Credit/Automated Permanent Academic Account Registry) बनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या– 466/सत्तर–3–2024 दिनांक 26.02.2024 के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा समस्त विद्यार्थियों की ABC/APAAR ID (Academic Bank Credit/Automated Permanent Academic Account Registry) बनाये जाने का निर्देश दिया गया था जिसके अन्तर्गत आगामी परीक्षाओं हेतु परीक्षा फॉर्म उपरोक्त ABC/APAAR ID के साथ ही पूरित किया जा सकता है। उक्त ABC/APAAR ID बनाये जाने में उत्पन्न हो रही समस्याओं निराकरण के दृष्टिगत आदेशानुसार निम्नलिखित दिशा–निर्देश निर्गत किया जा रहा है:–

1. महाविद्यालय की लॉग–इन पर ABC/APAAR ID बनाये जाने अथवा अपडेट किये जाने का लिंक उपलब्ध कराया गया है। महाविद्यालय द्वारा उपरोक्त लिंक से अथवा छात्र/छात्रा द्वारा Digilocker पर लॉग–इन करते हुए ABC/APAAR ID बनायी जा सकती है।
2. ABC/APAAR ID बनाये जाने हेतु छात्र/छात्रा द्वारा अपना मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 महाविद्यालय के लॉग–इन आई0डी0 से ज्ञात किया जा सकता है तथा उसे https://admission.csjmu.ac.in/StudentLogin/index पर लॉग–इन करते हुए संशोधित किया जा सकता है।
3. सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्रा की जन्म तिथि एवं आधार नम्बर अपनी लॉग–इन आई0डी0 से ABC/APAAR ID बनाते समय संशोधित किया जा सकता है।
4. महाविद्यालय की लॉग–इन पर उपलब्ध लिंक से ABC/APAAR ID न बन पाने तथा छात्र/छात्रा का नाम अथवा पिता का नाम Digilocker के डाटा के समान न होने के कारण अपडेट न हो पाने की स्थिति में छात्र/छात्रा का परीक्षा फॉर्म इस शर्त के साथ पूरित कराया जायेगा कि आगामी तीन माह में छात्र/छात्रा द्वारा आवश्यक संशोधन करा लिया जायेगा। निर्धारित अवधि में आवश्यक संशोधन न होने की स्थिति में छात्र/छात्रा का परीक्षा परिणाम रोक दिया जायेगा तथा छात्र/छात्रा को Digilocker की सेवायें उपलब्ध नहीं हो पायेगी।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्तानुसार छात्र/छात्राओं का परीक्षा फॉर्म पूरित कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

**(राकेश कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वय0 सहायक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
3. पी0एम0यू0/कोडिंग।
4. गार्ड फाइल।

10.04.24

**(अजय कुमार गौतम)**
उप–कुलसचिव (परीक्षा)